## पेज 153

**प्रश्न 1:**

किसी वस्तु के द्रव्यमान तथा भार में क्या अंतर है?

**उत्तर 1:**

द्रव्यमान तथा भार में अंतर:

| S. No. | द्रव्यमान | भार |
|---|---|---|
| 1. | वस्तु का द्रव्यमान उसमें उपस्थित पदार्थ की कुल मात्रा होती है। | वस्तु का भार वह बल है जिससे पृथ्वी वस्तु को अपनी ओर खींचती है। |
| 2. | वस्तु का द्रव्यमान स्थिर रहता है। यह स्थान - स्थान पर बदलता नहीं है। | वस्तु का भार गुरुत्वीय त्वरण पर निर्भर करता है। अतः यह स्थान - स्थान गुरुत्वीय त्वरण के मान के अनुसार बदलता है। |
| 3. | इसका मात्रक किलोग्राम है। | इसका मात्रक न्यूटन है। |
| 4. | यह एक अदिश राशि है। | यह एक सदिश राशि है। |

**प्रश्न 2:**

किसी वस्तु का चंद्रमा पर भार पृथ्वी पर इसके भार का $\frac{1}{6}$ गुना क्यों होता है?

**उत्तर 2:**

वस्तु का भार $(W = mg)$ गुरुत्वीय त्वरण $(g)$ के मान पर निर्भर करता है। चंद्रमा पर गुरुत्वीय त्वरण का मान पृथ्वी पर गुरुत्वीय त्वरण के मान का $\frac{1}{6}$ गुना होता है। इसलिए चंद्रमा पर वस्तु का भार, पृथ्वी के भार का $\frac{1}{6}$ गुना होता है।